24/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के प्रति भारत की ज़ीरो टॉलरेंस नीति के बारे में एक मजबूत वैश्विक संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय नागरिकों को नुकसान पहुँचाने वालों के लिए कोई भी स्थान सुरक्षित नहीं है और दुनिया ने हाल ही में भारत की ताकत देखी है क्योंकि इस ऑपरेशन ने वैश्विक मंच पर आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ और अडिग नीति को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया है। श्री मोदी ने यह बात नई दिल्ली में आयोजित भारत के दो महान आध्यात्मिक और नैतिक नेताओं - श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक बातचीत के शताब्दी समारोह के दौरान कहीं।

0000000000000000000000

ऑपरेशन सिंधु के तहत तीन श्रीलंकाई और दो नेपाली नागरिकों सहित लगभग दो सौ छियासी लोग आज दोपहर ईरान से दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने कहा कि सरकार निकाले गए लोगों को हर तरह की मदद और सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

0000000000000000000000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक में एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे, जो कल चीन के **क़िंगदाओ** में शुरू होगी।

दो दिवसीय बैठक के दौरान, रक्षा मंत्री से **एससीओ** के सिद्धांतों और जनादेश के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करने की उम्मीद है।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने आज ईटानगर के राजभवन में राज्य क्षय रोग यानी टीबी रोग अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के कार्यान्वयन की समीक्षा की। बैठक में प्रगति का आकलन करने, चुनौतियों की पहचान करने और राज्य से क्षय रोग को खत्म करने के लिए रणनीतियों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। एक निक्षय मित्र के रूप में, उन्होंने सभी हितधारकों से अपने प्रयासों को तेज करने और बीमारी से निपटने के लिए एक मिशन-मोड अपनाने का आग्रह किया और जमीनी स्तर पर जागरूकता और जुड़ाव को मजबूत करने के लिए **'टीबी मुक्त सर्कल'** और **'टीबी मुक्त गांव'** की मंडल स्तर और गांव स्तर की प्रतियोगिता का सुझाव भी दिया।

0000000000000000000000

संविधान हत्या दिवस कल मनाया जाएगा। यह दिवस 25 जून 1975 को संविधान को कुचलने की घटनाओं का स्मरण कराता है। इस दिन उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है, जिन्होंने आपातकाल के कारण ज़्यादतियों का सामना किया था।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 3 जिलों पापुम पारे, ईस्ट सियांग और लोअर दिबांग वैली के लिये ऑरेंग अलर्ट और अन्य सभी जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटों मे अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली इरने और बहुत तेज बारिश होने की संभावना है।

0000000000000000000000

राज्य मिशन शिक्षित अरुणाचल के माध्यम से 2029 तक सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के मिशन पर है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि रणनीतिक नामांकन, बुनियादी ढांचे के विकास और एकल-शिक्षक स्कूलों को खत्म करने पर जोर देने के साथ, राज्य शिक्षा क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि, विद्या समीक्षा केंद्र के तहत, जीआईएस और एआई का उपयोग करके शिक्षकों और छात्रों के प्रदर्शन को ट्रैक करने के लिए केंद्रीय डेटा कंप्यूटिंग शुरू की जाएगी।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने विकसित भारत के अमृत काल के 11 वर्षों की सराहना की जो सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पर आधारित है। उन्होंने आज सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के **एक्ट ईस्ट विजन** ने पूर्वोत्तर क्षेत्र को विकास और अवसरों के केंद्र में बदल दिया है। 11,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्गों, रेल और हवाई संपर्क में बड़े विस्तार और 1,600 किलोमीटर गैस ग्रिड के साथ, इस क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हो रहा है।

00000000000000000000000

पाक्के टाइगर रिजर्व ने आज ईस्ट कामेंग जिले के सेजोसा में **वेस्ट बैंक कॉन्फ्रेंस हॉल** में तीन दिवसीय नेचर गाइड ट्रैनिंग प्रोग्राम का उद्घाटन किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य सीमावर्ती गांवों के स्थानीय निवासियों को इको-टूरिज्म, वन्यजीव मार्गदर्शन और प्रकृति को व्याख्यान करने में आवश्यक कौशल से लैस करना है। इस पहल ने पक्के टाइगर रिजर्व की वन संवाद पहल के तहत समुदाय-आधारित संरक्षण और सतत आजीविका संवर्धन के लिए वन विभाग की निरंतर प्रतिबद्धता पर जोर दिया है।

00000000000000000000000

सीएसआईआर-राष्ट्रीय अंतः विषय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, तिरुवनंतपुरम ने कल **नॉर्थ ईस्ट सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी एप्लीकेशन एंड रीच** (एनईसीटीएआर) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता ज्ञापन **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी** की प्लांट बेस्ड विगन लेडर टेक्नोलॉजी को एनईसीटीएआर को हस्तांतरित करने की सुविधा प्रदान करता है, ताकि मेघालय और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में सामान्य सुविधा केंद्र और विनिर्माण इकाइयाँ स्थापित की जा सकें।

00000000000000000000000

एनएचएआई ने कल पूरे देश में मानसून की तैयारियों के लिए 15 दिवसीय अभियान शुरू किया। एनएचएआई के अधिकारी, ठेकेदार और सलाहकार जलभराव या भूस्खलन से प्रभावित होने वाले संभावित क्षेत्रों की पहचान करने के लिए विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण करेंगे ताकि राष्ट्रीय राजमार्गों पर पुलों और पुलियों के माध्यम से पानी का मुक्त प्रवाह सुनिश्चित किया जा सके।

0000000000000000000000